<u>प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद</u>

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **14-04-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-जान से मारने की नियत से फायर करने का आरोपी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार, थाना सोनकपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 08-04-2025 को वादी शाने आलम पुत्र बाबू खाँ निवासी ग्राम रम्पुरा धतरारा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद ने मोटरसाईकिल पर सवार दो अज्ञात लड़को द्वारा तंमचे से पीछे से फायर करने तथा हाथ पर किसी धारदार हथियार से वार करने के सम्बन्ध में थाना सोनकपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-24/2025 धारा-109/118(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 14-04-2025 को व0उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार मय हमराह पुलिस बल के प्रकाश में आये अभियुक्त **संजीव पुत्र विद्याराम निवासी ग्राम रम्पुरा धतरारा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम की वृद्धि की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तः- संजीव पुत्र विद्याराम निवासी ग्राम रम्पुरा धतरारा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
बरामदगी का विवरणः- 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस
गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1) व0उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
2) आरक्षी चक्रेश चौधरी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद

2-अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार, थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 14-04-2025 को उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अभियुक्त **आसिफ इकबाल पुत्र इकबाल अहमद निवासी बरवलान का चौराहा आरा मशीन के सामने थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद** को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-203/2025 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः- आसिफ इकबाल पुत्र इकबाल अहमद निवासी बरवलान का चौराहा आरा मशीन के सामने थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

बरामदगी का विवरणः- 01 अवैध चाकू

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1) उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2) हे0का0 सुरेश धामा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3) का0 रितिक कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद